हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा






## खबर संक्षेप

### दीपावली पर घरों को संवारने में जुटे लोग

**दुर्गुकोंदल।** दीपावली के त्योहार में अब एक सप्ताह से भी कम समय बचा है। त्योहार को उत्साह से मनाने के लिए क्षेत्रवासियों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। बाजार में सबसे पहले मिट्टी के बर्तन की दुकान सजने लगी है। दीपावली पर्व पर शहर और गांवों को दीपों से रोशन करने के लिए स्थानीय कलाकारों द्वारा मिट्टी के दीपक बनाने का काम इन दिनों जोर शोर से किया जा रहा है। इस बार भी मिट्टी के दीपक लगाए जाने की सार्थक अपील के चलते बाजार में इन दिनों इनकी बिक्री तेज हो गई है। स्थानीय परंपरा अनुसार दीपावली पर मिट्टी का नया घड़ा भरा जाता है। इसी के चलते बाजार में बड़ी संख्या में मिट्टी के घड़े दीपक कलश सहित अन्य सामग्री खरीदने लोगों की दुकानों पर भिड़ उमड़ पड़ रही है। दीपावली पर लोगों द्वारा रोशनी की जगह दीपक से घरों को सजाया जाएगा।

### दो दिवसीय डे नाइट वॉलीबॉल स्पर्धा 17 से

**दुधावा।** जिला मुख्यालय के नरहरदेव मैदान में कांकेर स्ट्राइकर वॉलीबॉल समिति के द्वारा दो दिवसीय डे नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 18 अक्टूबर तक किया जाएगा, जिसमें प्रथम इनाम 25,000, द्वितीय इनाम 15,000, तृतीय इनाम 10,000, एवं चतुर्थ इनाम 5000 हजार रूपए रखा गया है। जिला मुख्यालय में होने वाला यह अब तक सबसे बड़ा आयोजन है, एवं स्थानीय युवा के अलावा पूरे देशभर से प्रतिभागी शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय नेताम ने समस्त स्थानीय या दूरस्थ स्थित समस्त खेल प्रेमियों को प्रतियोगिता में भाग लेने जिला मुख्यालय में आने का निवेदन किया है।

### विभिन्न आयु वर्ग की टीमों के चयन का आज ट्रायल

**कांकेर।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न आयु वर्ग की टीमों के चयन ट्रायल्स आयोजित किए जा रहे हैं। अंडर-14 एवं अंडर-16 टीम का चयन आज 16 अक्टूबर गुरुवार को भावगीर नवागांव स्थित एनसीजी क्रिकेट ग्राउंड कांकेर में प्रातः 8:00 बजे से होगा। खिलाड़ियों की पात्रता के लिए कट-ऑफ तिथि इस प्रकार है कि अंडर-14 के लिए 01 सितम्बर 2011 से 31 अगस्त 2013 के बीच जन्मे खिलाड़ी , अंडर-16 के लिए 01 सितम्बर 2010 से मान्य होंगे। जिन खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है वे खिलाड़ियों रजिस्ट्रेशन के लिए 6 साल की मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र (डिजिटल/मैनुअल), आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो की मूल प्रति साथ लाना आवश्यक रहेगा।

निरीक्षण

सांसद खेल महोत्सव के लिए दिए निर्देश

# हमर लक्ष्य अभियान के तहत दुर्गूकोंदल के विद्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विकासखंड दुर्गूकोंदल में हमर लक्ष्य अभियान के तहत लगातार विद्यालय निरीक्षण किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कुछ विद्यालयों में परीक्षाफल पंजी अपूर्ण पाया गया, जिस पर बीईओ ने तत्काल उसे पूर्ण करने के निर्देश दिए और साथ ही अपार आईडी शीघ्र भरने के निर्देश भी संस्था प्रमुखों को दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार सिंह डे एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने मंगलवार को विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला हाहालद्दी, प्राथमिक शाला कर्रामाड़, प्राथमिक शाला लोहतर, हायर सेकेंडरी स्कूल लोहतर एवं हायर सेकेंडरी स्कूल दमकसा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल लोहतर में प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अधिकारियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। निरीक्षण टीम ने विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों, उपस्थिति, परीक्षाफल पंजी, स्वच्छता व्यवस्था एवं पाठ्यक्रम की प्रगति की गहन समीक्षा की। बीईओ ने कहा कि बस्तर ओलंपिक एवं सांसद खेल महोत्सव के तहत छात्रों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए ताकि प्रत्येक विद्यार्थी खेलकूद में भाग ले सके और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके। उन्होंने विद्यालयों को निर्देशित किया कि पाठ्यक्रम आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए और छात्रों की सीखने की गति पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान कुछ विद्यालयों में अध्ययन कार्य अपूर्ण पाया गया, जिस पर अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिए कि शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने विद्यालय स्वच्छता, डेली डायरी में दैनिक कार्यों का विस्तृत लेखन तथा पालक संपर्क अभियान को सशक्त बनाने के निर्देश दिए। बीईओ ने कहा शिक्षकों की ईमानदारी, आत्मविश्वास और समर्पण ही विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करता है। हर शिक्षक का दायित्व है कि वह अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करे। उन्होंने उपस्थिति बढ़ाने के लिए पालकों से निरंतर संवाद बनाए रखने और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## बीईओ ने विद्यालयों का किया निरीक्षण शिक्षण व्यवस्था में खामियां हुईं उजागर

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोदल में नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे द्वारा क्षेत्र के विभिन्न शालाओं का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण हमारा लक्ष्य अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना और विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास को सुदृढ़ करना है। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने मिडिल स्कूल भण्डारडिगी, हाई स्कूल सुरूंगदोह एवं मिडिल स्कूल सुरूंगदोह का दौरा किया। निरीक्षण में कई गंभीर खामियां सामने आईं। भण्डारडिगी और सुरूंगदोह के मिडिल स्कूलों में पाठ्यक्रम अनुसार अध्यापन कार्य नहीं चल रहा है। कई शिक्षक कक्षा में उपस्थित नहीं थे या अध्यापन कार्य में लापरवाही बरत रहे थे। त्रैमासिक परीक्षा परिणामों के मूल्यांकन में भी त्रुटियाँ पाई गईं। आकलन प्रक्रिया दोषपूर्ण थी तथा अपर आईडी कई शिक्षकों की अपूर्ण पाई गई। खंड शिक्षा



अधिकारी ने इसे अत्यंत गंभीर माना और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। सुरूंगदोह के हाई स्कूल और मिडिल स्कूल परिसर में स्वच्छता की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई। दोनों शालाओं में रंग-रोगन कार्य नहीं हुआ था और विद्यालय परिसर गंदगी से भरा हुआ था। प्रधान पाठकों को निर्देशित किया कि तत्काल विद्यालय परिसर की सफाई, रंग-रोगन एवं रखरखाव कार्य किया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों के हित को सर्वोपरि रखते हुए नियमित कक्षा संचालन, सटीक मूल्यांकन और शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग को प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हमारा लक्ष्य अभियान तभी सफल होगा जब प्रत्येक विद्यालय में नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण अध्यापन, और सशक्त शिक्षण वातावरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों के संबंध में संबंधित शिक्षकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा रही है।

## संकुल कोंडे में नवोदय परीक्षा के लिए जारी कोचिंग क्लास का प्राचार्य ने किया निरीक्षण




दुर्गुकोंदल। संकुल कोंडे में संचालित संकुल स्तरीय नवोदय प्रवेश परीक्षा कोचिंग क्लास का निरीक्षण संकुल प्राचार्य बाबूलाल कोमरा द्वारा किया गया। यह विशेष कोचिंग कक्षा ग्रामीण प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। कोचिंग कक्षा प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं मंगलवार को नियमित रूप से आयोजित की जाती है, जिसमें संकुल कोंडे अंतर्गत 10 प्राथमिक विद्यालयों के 20 चयनित छात्र-छात्राएं सहभागिता करते हैं। विद्यार्थियों को गणित, मानसिक योग्यता, सामान्य ज्ञान, और भाषा के विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कक्षा की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण की गुणवत्ता और शिक्षकों की सहभागिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समर्पण और जिम्मेदारी के साथ बच्चों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं, जिससे निश्चित ही बच्चों के परिणामों में सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि नवोदय कोचिंग का यह प्रयास ग्रामीण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक ठोस कदम है। यह पहल शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कोचिंग कक्षा में नियुक्त विषयवार शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नवोदय परीक्षा के प्रश्न-पत्र की संरचना, समय प्रबंधन, और प्रश्नों को हल करने की रणनीति के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। संकुल प्राचार्य ने शिक्षकों से कहा कि वे प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान दें, ताकि कोई भी प्रतिभा पीछे न रह जाए। उन्होंने यह भी कहा कि संकुल स्तर पर चल रही यह पहल जिले में शिक्षा सुधार की एक प्रेरणादायक मिसाल बनेगी।

# संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व स्पर्धा झलकी बच्चों की प्रतिभा

**चारामा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरौद में विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत थीम पर संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों के वैज्ञानिक नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम ही विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की नींव हैं।

कार्यक्रम में संकुल के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरौद से विनय कुमार द्वारा पोकलैंड मशीन मॉडल तथा विवेक कुमार द्वारा हरित ऊर्जा विषय पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस समूह में गोपिका सिन्हा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल गीताजंली जूरी से गीतिका मरकाम ने हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण पर मॉडल प्रस्तुत किया। माध्यमिक विद्यालय से



भूषण कुमार ने पेड़-पौधों से विभिन्न उत्पाद निर्माण पर अभिनव मॉडल प्रस्तुत किया। माध्यमिक विद्यालय टहकापार से भार्गव जनरेटर मॉडल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्रियाशील माध्यमिक शाला अरौद के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के आयोजन में विज्ञान शिक्षक हरिश्चंद्र कांगे एवं सुरेंद्र कुमार दुबे का योगदान रहा।

कार्यक्रम में शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामेश्वर जायसवाल एवं संकुल समन्वयक लच्छू राम जायसवाल एवं कार्यक्रम का संचाल पेसी राम कुंजाम प्रधान पाठक अरौद ने किया तथा आभार प्रदर्शन हरिश्चंद्र कांगे ने किया और संस्था से लच्छू राम जैन संकुल समन्वयक, योगेश कुमार साहू, जनक लाल ठाकुर, रोमनाथ साहू, लीना राजपूत, रोशनी ठाकुर, ओगेश्वर मरकाम, धनी राम सिंहा, शिव लाल, हरि सौंदर्य, उसेंडी, मेरी ऊषा लकड़ा, महेंद्र नायक, बीकेश्वरी पोया, विनय उइके, जमुना यूके, बाल कैबिनेट से सत्यीकरण डिम्पल, दिनेश्वरी,प्रखर, हुलेश्वरी, लेकेश्वरी, कावेरी, चंचल, खिलेश्वर आदि बच्चों का सराहनीय योगदान था।

# चरामा नपं क्षेत्र में मात्र 8 घंटे की बिजली आपूर्ति व 15-20 बार अघोषित कटौती से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा

आघोषित बिजली कटौती से आम जनता त्रस्त और परेशान हो चुकी है एक दिन यानि 24 घंटे में कम से कम 15 से 20 बार विद्युत की कटौती विभाग द्वारा की जाती है। इस लगातार आघोषित विद्युत की कटौती से आम जनता व्यापारी किसान के सभी कार्य रुकते जा रहे हैं। व्यापारी परेशान है, वह समय पर व्यापार नहीं कर पा रहा है, आम जनता परेशान हैं मुख्य समय बच्चों की स्कूल जाने, घर के विभिन्न काम करने, पानी भरने एवं अन्य ऐसे समय पर जब विद्युत की आवश्यकता होती है तभी बिजली गुल हो जाती है। छोटे छोटे उद्योग जो की बिजली पर आश्रित है वह पूरी तरह से ठप हो रहे हैं। शहरों में कटौती कुछ कम, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में हद से ज्यादा की जा रही है।

नगर पंचायत क्षेत्र में 24 घंटे में आम जनता को 15 से 16 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति गंभीर होती जा रही हैद्ध जहां 24 घंटे में ग्रामीणों को मुश्किल से 8 से 10 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। जबकि वर्तमान समय में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार बढ़ रहा है। ऑनलाइन वर्क दुकान उद्योग धंधे ग्रामीण क्षेत्र की ओर बढ़ रहे हैं और ऐसी अघोषित घंटो घंटो तक की जाने वाली बिजली गूल से व्यापार बुरी तरह से प्रभावित है, जब मौसम खराब होता है तब बिजली गुल होती है तो समझ आता है की मौसम की खराबी के कारण बिजली गुल की गई है, लेकिन मौसम साफ होने के बावजूद घंटो तक बिजली गुल होना विभाग के कार्य शैली और विभाग के कर्मचारियों की मंशा पर प्रश्न उठा रहा है। रोशनी का पर्व दीपावली का त्यौहार है, लेकिन नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में रोशनी ही गायब हो गई है। दिन तो जैसे तैसे कट जाता है, लेकिन रात्रि में भी बिजली गुल किए जाने से लोगों को रात्रि में उमस भरी गर्मी में सोने पर मजबूर होना पड़ रहा है। वही लगातार बिजली गुल से स्कूल और कार्यालय में भी कार्यक्रम हो रहे हैं। विभाग से लगातार बिजली गुल की समस्या का कारण जानने पर हमेशा विभाग द्वारा एक राट राटाया जवाब की टेक्निकल फॉल्ट के कारण बिजली गुल हुई है जवाब दिया जाता है। विद्युत को लेकर पूरे देश में नंबर वन पर रहने वाला छत्तीसगढ़ प्रदेश, सर प्लस बिजली देने वाला छत्तीसगढ़ प्रदेश के लोग ही आज 24 घंटे बिजली पाने के लिए तरस रहे और उन्हें 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। जिस तरह से बिजली की कटौती की जा रही है आम जनता को यह महसूस होने लगा है कि वह 2025 नए भारत में ना जीकर वर्ष 1900 के कार्यकाल में जी रहा है।

पेज 05 के शेष...

### मन्हाकाल में धान...

76, लोहारी 42 किसान हैं। राजस्व पट्टा 395 और भू-अधिकार पट्टा 296 है। इन पट्टेधारी किसानों को पिछले 20 साल से धान बेचने के लिए भटकना पड़ रहा है। इन्होंने बताया कि किसी तरह बारिश के पूर्व खाद, बीज ले लेते हैं, लेकिन धान बेचने के लिए 55-60किमी सफर करने के बाद ही धान बेचना संभव होती है, जिससे हम सभी 14गांव के किसान परेशान हैं। हम लगातार 5 साल से धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग कर रहे हैं। फिर भी सांसद, विधायक, कलेक्टर, एसडीएम हमारी आवेदन निवेदन को सुनकर भी अनदेखी कर रहे हैं। 10 दिवस के भीतर धान खरीदी केंद्र मन्हाकाल में नहीं खुली तो मांग को लेकर चक्काजाम करेंगे।

### आरएसएस ने जनकनगर...

कर्तव्यों को पहचानता है। आज जब समाज विभाजन और भ्रम के दौर से गुजर रहा है, तब संघ का कार्य समाज को जोड़ने, एकता का भाव जगाने और राष्ट्र के उत्थान के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। वक्ता ने कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक का जीवन समाज के लिए समर्पित होना चाहिए। जब व्यक्ति स्वयं से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करता है, तभी सच्चा परिवर्तन संभव होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे चरित्र, सेवा और संगठन के मार्ग पर चलकर देश को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें। अंत में उन्होंने कहा कि संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक "वसुधैव कुटुंबकम्" की भावना के साथ समाज में सौहार्द, एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश फैलाता रहे।

### बैंकर्स इन्वेस्टर मीट की समन्वय बैठक आज

**जगदलपुर।** जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल सशक्तिकरण और विपणन के नए अवसरों से जोड़ने, औद्योगिक गतिविधि को बढ़ावा देने एवं उद्योग स्थापना संबंधी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से रेम्प योजना के अंतर्गत बैंकर्स इन्वेस्टर मीट की समन्वय बैठक होगी।

### दो आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख सहायता स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा बस्तर तहसील के ग्राम चोकर निवासी ललिता यादव की मृत्यु तालाब के पानी में डूबने से पिता सकरू यादव को 4 लाख की आर्थिक मदद दी है।






## खबर संक्षेप

### कंडेल की जान्हवी का एमबीबीएस में चयन

**धमतरी।** कंडेल निवासी शिक्षक भूषण-संगीता साहू की पुत्री



जान्हवी साहू का एमबीबीएस में चयन हुआ है। जान्हवी इसी सत्र में रिम्स कॉलेज रायपुर में एडमिशन लेकर अध्ययन करेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर जीआर साहू रिटायर्ड शिक्षक, संगीता देवी, गिरधर साहू, डॉ. हर्षलता साहू, डॉ. हेमेन्द्र साहू, डॉ. विकास साहू, सरस्वती,गोपी साहू, यशोदा, यशवंत साहू, पुष्पा साहू, सुशील साहू, नागेन्द्र, कुलदीप सहित अंचलवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। बता दें कि जान्हवी दूसरे अवसर पर नीट्स क्लियर किया है।

### इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर जलाएं पटाखे

**धमतरी।** आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें, यह सुनिश्चित करें कि आप गुणवत्ता वाले पटाखे खरीद रहे हैं जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने वाले हो। इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क, बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिये पानी की भरी बाल्टी निकट रखें और आग से संबंधित चोटों के जोखिम को कम करने के लिये सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिये हमेशा एक वयस्क साथ हो। पटाखे फोड़ने के बाद इस्तेमाल किये गये पटाखों का बाल्टी के पानी में सुरक्षित तरीके से निपटान करें, ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना ना हो। जिला सेनानी ने घर के अंदर, खिड़कियों के पास या अन्य बंद स्थानों पर पटाखे न जलाने की सलाह दी।

### अंवरी स्कूल में फलदार पौधे लगाए

**अंवरी।** कुरूद तहसील साहू संघ उपध्याक्ष लेखराम साहू ने अपने 58 वें जन्मदिन पर प्राथमिक शाला परिसर अंवरी में फलदार पौधे लगाए। मौके पर भखारा साहू संघ तहसील अध्यक्ष कामता साहू, दरबा परिक्षेत्र साहू संघ अध्यक्ष रामचंद्र साहू, उपाध्यक्ष जीवन साहू, महिला संगठन सचिव सुनीता साहू, तीरथराम साहू, रेखराम साहू, धनसिंग साहू, पुरूषोत्तम, भुनेश्वर साहू, सरस्वती साहू, लीलाराम यादव उपस्थित थे।

### फरसियां मंडल ने मनाया विजयादशमी उत्सव

**नगरी।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष को नगरी खंड के फरसियां मंडल में बुधवार को विजयादशमी उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रयागचंद बिसेन थे। अध्यक्षता केशव टेकाम ने की। विशेष अतिथि गरियाबंद नगर संघचालक सत्यप्रकाश मानिकपुरी, एकल विद्यालय अंचल नयापारा की अध्यक्ष दिनेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष केशर निर्मलकर थे। कार्यक्रम में खंड कार्यवाह मोतीलाल दिवाकर, संपर्क प्रमुख महेन्द्र नेताम, दिनेश्वरी नेताम सहप्रभारी, शिवदयाल साहू वरिष्ठ नागरिक, जवाहर मरकाम महामाया समिति, दीनदयाल सेन बूथ प्रभारी अमाली, कृष्णकुमार साहू एवं एकल विद्यालय के 40 नवीन प्रशिक्षु उपस्थित थे।

---

त्योहार को देखते हुए पुलिस ने सख्त की निगरानी

# इंडोर स्टेडियम बना चाकूबाजों का अड्डा, पखवाड़े भर में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

असामाजिक तत्व व चाकूबाजों के लिए इंडोर स्टेडियम पसंदीदा अड्डा बन गया है। पखवाड़े भर में पुलिस ने स्टेडियम परिसर में चाकू लहराते तीन चाकूबाजों को गिरफ्तार किया है। वहीं त्योहार को देखते हुए कड़ी निगरानी शुरू कर दी है।

शहर के खेल मैदानों में जहां बच्चे व युवा विभिन्न खेल का आनंद लेते हैं। वहीं बुजुर्ग मार्निंग व इवनिंग वॉक करते नजर आते हैं लेकिन शहर के अधिकतर खेल मैदानों को असामाजिक तत्व व चाकूबाजों ने अपना पसंदीदा ठिकाना बना लिया है। वे देर रात तक खेल मैदानों व सुनसान इलाकों में जमावड़ा कर शराब सेवन कर



उत्पात मचाते रहते हैं जिसके कारण खेल प्रेमियों व टहलने वालों को मैदान में घुसने से पहले कई बार सोचना पड़ता है। असामाजिक तत्व शराब पीने के बाद शीशियां मैदान में ही फोड़ देते हैं। पीजी कालेज स्टेडियम, एकलव्य खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, मिशन ग्राउंड, जालमपुर मैदान इनका पसंदीदा अड्डा बना हुआ है। आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम चाकूबाजों का गढ़ बन चुका है। बीते पखवाड़े भर में स्टेडियम परिसर में चाकू लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले तीन चाकूबाजों को कोतवाली पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी क्रम में पेट्रोलिंग पर निकली कोतवाली टीम मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में इंडोर स्टेडियम पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से संजय साहू पिता जगदीश उम्र 34 वर्ष लालबगीचा खम्मन बाड़ी निवासी को पकड़ा। आरोपी हाथ में धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धारदार बड़ा चाकू जप्त किया। उसके खिलाफ मामले में कोतवाली थाना में धारा 25-27 क आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी संजय साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

#### आरोपी के खिलाफ दर्जन भर मामले

आरोपी संजय साहू आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ पूर्व में 12 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी पर विभिन्न धाराओं के तहत सिटी कोतवाली, अर्जुनी, रायपुर व बालोद में अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस ने आम जनता से संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

#### पुलिस दे रही दबिश

आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए एसपी सूरज सिंह परिहर के निर्देश पर पुलिस गुंडा-बदमाशों व चाकूबाजों पर लगातार कड़ी निगरानी रख रही है। संदिग्धों की चेकिंग के साथ सतत पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों के ठिकानों पर दबिश भी दे रही है। वहीं जुआ, सट्टा, अवैध शराब व नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है।

---

## जिपं की सामान्य सभा में गूंजे कई मुद्दे



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला पंचायत में बुधवार को सामान्य सभा की बैठक हुई, जिसमें विभिन्न 8 विभाग के कार्यों की समीक्षा को एजेंडे में शामिल किया गया था। इसके अतिरिक्त कई अन्य समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्यों ने आवाज बुलंद की।

बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक में शिक्षा विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सड़क निर्माण विभाग, कृषि विभाग, क्रेडा, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा हुई। इन एजेंडों के अलावा जिला पंचायत सदस्यों ने खराब सड़क, दुर्घटनाओं और अवैध रेत उत्खनन पर आवाज बुलंद की।

---

## बेस बॉल व कराते में शंकरदाह के 25 खिलाड़ी चयनित

**धमतरी।** राज्यस्तरीय कराते व बेसबॉल स्पर्धा के लिए शाउमावि शंकरदाह के सर्वाधिक खिलाड़ियों का चयन हुआ है। 14 वर्ष आयु वर्ग (बालक) में नितिन, दुर्गेश, डिकेश, फ़लेश व बालिकाओं में शालिनी, लक्ष्मी ,ललिता, वास्तवि, कंचन। 17 वर्ष बालक में देवेंद्र सिन्हा, प्रदीप कुमार, राजेंद्र, खूबलाल, बालिका वर्ग में डाली साहू, गोमती सिन्हा, केसरी, प्राची सिन्हा, 19 वर्ष बालक में भावेश कुमार साहू, पुष्पेंद्र साहू, हेमशंकर ध्रुव, बालिका वर्ग में नंदिता निषाद, चांदनी साहू, हेमा ध्रुव, कृतिका तथा कराते में निहारिका सोनकर का चयन हुआ है। खेल शिक्षक प्रदीप सिन्हा ने बताया कि 15 से 18 अक्टूबर तक राज्यस्तरीय शालेय बेसबॉल व कराते स्पर्धा का आयोजन



बिलासपुर में आयोजित है जिसमें ये छात्र रायपुर संभाग व जिला धमतरी का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ी के चयन पर मोनिका देवांगन जिला पंचायत सदस्य, सत्यप्रभा साहू जनपद सदस्य, अभय जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी, शकीला देवदास सहायक क्रीड़ा अधिकारी, हरीश देवांगन, श्रीमती रमी गौतम सरपंच, रामवती सिन्हा सरपंच डोड़की, चुम्मन बाई कंवर सरपंच बलियारा, हेमंत साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, श्रीमती एस दुबे प्राचार्य, अमृत ध्रुव, भानु नेताम, सोमन देवांगन, रामकृष्ण ध्रुव, विनोद डिंडोलकर, गीतेश्वर साहू, टी वैद्य, एच अंधारे, एम शाह, के लूनिया, आरके राखेचा, व्ही तिवारी, एन साहू, पवन परिहा, शव्या गोस्वामी, कंचनलता साहू, एस ध्रुव, उषा जाचक, सपना सिन्हा, निष्ठा तिवारी, रंजना चंद्राकर, देवशरण वर्मा, तुषार पाण्डेय, बलदाऊ साहू ने हर्ष जताया है।

---

## आरव का नेशनल रोलर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में चयन





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

18 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय रोलर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना में हुई। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के छात्रों के बीच मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी के छात्र आरव साहू पिता चंद्रशेखर साहू ने आयु वर्ग 6-8 वर्ष में 1- लेप एवं डी रिंक रेस में प्रथम स्थान एवं 2-लेप एवं डी रिंक रेस में द्वितीय स्थान के साथ स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त किया। आरव का चयन 5 से 15 दिसंबर तक आयोजित 63 वीं नेशनल रोलर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2025 में हुआ।धमतरी जिले से आरव एकमात्र स्पीड इनलाइन स्केटर हैं। उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर शाला परिवार एवं प्रबंधन समिति ने हर्ष जताया है।

---

## बिजली चोर गद्दी छोड़ नारों से गूंजा शहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कांग्रेस के युवा नेता गौतम वाधवानी एवं हितेश गंगवीर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभान का स्वागत किया । अर्जुनी चौक पर फूलों की वर्षा और जयकारों के बीच सैकड़ों युवाओं की बाइक रैली ने शहर को कांग्रेसमय कर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभान बिजली चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत कांकेर की ओर रवाना हो रहे थे। धमतरी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

उदयभान ने कहा कि यह जनजागरूकता अभियान भ्रष्टाचार, महंगाई और बिजली संकट जैसी जनता की समस्याओं को उठाने के लिए चलाया जा रहा है। बिजली चोर गद्दी छोड़ नारा सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि जनता की आवाज है, जिसे अब छत्तीसगढ़ के हर जिले में गूंजाया जाएगा। प्रदेश प्रभारी अमित पठनीय ने कहा कि धमतरी की यह रैली युवाओं की एकता और शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब युवा जागता है तो सत्ता की नींव हिल जाती है, यही इस रैली का असली संदेश है। अर्जुनी चौक से अंबेडकर चौक तक निकली रैली में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया और सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में मोनिका मंडरे, आकाश शर्मा, लिली श्रीवास, गुलजेब अहमद, उमेश डोंगरे, ओंकार साहू, आनंद पवार, सूर्यप्रभा चेट्टियार, शास्त्री सोनवानी, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, योगेश लाल, उदित साहू, नरेंद्र सोनवानी, प्रमोद कुंजाम, कुलेश्वर देवांगन, देवेंद्र देवांगन, अजय सिन्हा, देवराज साहू, राजा देवांगन, चंदन रजक, अविनाश मल्होत्रा, फिरोज बनपेला सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

---

## सांसद खेल महोत्सव गांवों में छिपी प्रतिभा को सामने लाने का सशक्त मंच : रंजना



- डाही सेक्टर में सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

डाही सेक्टर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। यह आयोजन युवा शक्ति का उत्सव सांसद खेल महोत्सव की थीम पर आधारित है, जिसमें डाही सेक्टर की 18 ग्राम पंचायतों के युवा खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

शुभारंभ अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू, जिपं सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य श्रीमती फागेश्वरी साहू, भोथली मंडल अध्यक्ष श्री मिश्री पटेल, कमलनारायण ध्रुव सहित 18 ग्रामों के सरपंच, सोसायटी प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन या प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का आधार है। यह महोत्सव गांव-गांव में छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त मंच है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसी योजनाओं से देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू ने कहा कि गांवों में अपार खेल प्रतिभा है, जिसे पहचान कर आगे बढ़ाने की जरूरत है। सांसद खेल महोत्सव जैसी पहल ग्रामीण अंचलों में नवाचार और ऊर्जा का संचार करती है। यह आयोजन युवाओं को नशामुक्त, स्वस्थ और सक्रिय जीवन की दिशा में प्रेरित करता है।

---

## हिंदू समाज की सुरक्षा के लिए हमें एकजुट होना होगा : ठाकुर





- आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर जगतजननी प्रभात शाखा से बस्ती में निकला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जगतजननी प्रभात शाखा बस्ती धमतरी के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में सरस्वती शिशु मंदिर आमातालाब से नगर में पथ संचलन कर समाज को भारत माता की रक्षा हेतु जागृत किया। मुख्य वक्ता दीपक सिंह ठाकुर प्रांत युवा आयाम हिंदू जागरण मंच, जिला संघचालक श्याम अग्रवाल, नगर संघचालक राम लखन गजेन्द्र थे। अध्यक्षता भागवतराम टांडेकर सेवानिवृत शाखा प्रबंधक एसबीआई ने की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने योग, प्राणायाम का प्रदर्शन किया। श्री टांडेकर ने संघ की महिमा पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता दीपक सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में संघ की स्थापना, उद्देश्य, 100 वर्ष की यात्रा में संघर्षमय देवतुल्य प्रचारकों की भूमिका को बताया। आगे कहा कि आपातकाल जैसे कठिन परिस्थितियों में भी संघ ने धैर्य के साथ भारत माता की सेवा कार्य को जारी रखा। देश के अंदर विभिन्न आनुषांगिक संगठन हैं जो अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करते हुए भारत माता की सेवा कर रहे हैं। हिन्दू समाज की रक्षा के लिए प्रथम पंक्ति में खड़ा है। प्रत्येक समाज को जाति, पंथ, अस्पृश्यता मिटाकर हिन्दू समाज की सुरक्षा के लिए एक मत होना होगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ वह राष्ट्रीय भावना है जो सभी स्वयंसेवकों के अंतरात्मा में बसता है।

मौके पर प्रांत सह सेवा प्रमुख मोहन लाल साहू, राकेश साहू प्रांत महाविद्यालीन प्रमुख, पुरुषोत्तम निषाद जिला संयोजक हिंदू जागरण मंच, भेदूप्रकाश साहू जिला पर्यावरण संयोजक, शिक्षक सागर निर्मलकर, स्वयंसेवक रूपेश निर्मलकर समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

---

## दीपावली में सुरक्षा एवं बिजली की बचत करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

दीपावली पर्व पर सभी घरों में विद्युत के झालर एवं लाइटिंग के अन्य उपकरणों का साज-सज्जा किया जाता है जिससे विद्युत की मांग में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हो जाती है।

अतिभार के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर, लाइन एवं अन्य विद्युत उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने एवं विद्युतीय दुर्घटना होने एवं जन धन की भी हानि की आशंका बढ़ जाती है। घरों में लाइटिंग हेतु कटे-छिले, निर्धारित मापदण्ड से कम एवं अमानक श्रेणी के वायर झालर या अन्य लाइटिंग बल्ब का उपयोग किये जाने से इसके संपर्क में आने से विद्युत दुर्घटना घटित हो सकती है। विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता अनिलप्रसाद सोनी ने बताया कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा हाथ में पटाखा जलाकर ट्रांसफार्मर एवं विद्युत उपकरणों की ओर उछाला जाता है, जिससे भी विद्युत दुर्घटना घटित हो सकती है।

कई स्थानों पर विद्युत की चालू लाइन में अवैध रूप से हुकिंग करके भी विद्युत का उपयोग किये जाने के प्रकरण सामने आये हैं। चेकिंग के दौरान ऐसा पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। बच्चों को बिजली के तारों से छेड़छाड़ न करने हेतु सावधान करें। विद्युत दुर्घटना होने पर तत्काल निकट के फ्यूज ऑफ कॉलसेंटर में सूचित करें।

---

## सांसद, जिपं अध्यक्ष ने किए शीतला व मावली माता के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कांकेर सांसद भोजराज नाग एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ग्राम भुरसीडोंगरी पहुंचे, जहां उन्होंने शीतला एवं मावली माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भुरसीडोंगरी सरपंच लीलाम्बर नागवंशी, उपसरपंच महेन्द्र कुमार साहू, पूर्व जनपद सदस्य एवं ग्रामीण अध्यक्ष सुकचंद मरकाम, ग्रामीण उपाध्यक्ष श्यामचंद कश्यप, ग्राम पटेल शंकर पटेल, मंदिर पुजारी जोहरलाल नागवंशी, सेवानिवृत्त शिक्षक लखमू राम नेताम, मानसिंग साक्षी, लोमश अटलखाम, मोती सेन सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवासियों से संवाद कर क्षेत्र के विकास एवं आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की तथा आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। ग्रामीणों ने मंदिर प्रांगण में टिन शेड की मांग रखी जिसे सांसद ने पूरा करने की बात कही।

---

## वोकल फॉर लोकल : ज्योति ने हथकरघा विक्रेताओं से खरीदी वस्तुएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

वोकल फॉर लोकल के संदेश को आगे बढ़ाते हुए समाजसेवी ज्योति जैन ने स्थानीय हथकरघा विक्रेताओं से हाथ से बनी वस्तुएं खरीदकर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत के आह्वान को साकार करने का सबसे सशक्त माध्यम स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है। श्रीमती जैन ने बताया कि हर व्यक्ति अगर अपने दैनिक जीवन में देशी वस्तुओं को प्राथमिकता दे, तो न केवल स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को रोजगार मिलेगा, बल्कि देश की आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में भी एक बड़ा कदम होगा।



उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहारों के इस मौसम में विदेशी वस्तुओं की बजाय भारतीय हाथों से बनी वस्तुएं ही खरीदें, जिससे वोकल फॉर लोकल अभियान को बल मिले और देश की परंपरा एवं हुनर को नई पहचान मिले। इस अवसर पर स्थानीय विक्रेताओं ने भी क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के साथ-साथ ज्योति जैन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से उन्हें उत्साह और प्रोत्साहन मिलता है।

---

मनुराज-उपासना ने बांधा समां, पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा

## बस्तर दशहरा महोत्सव में धमतरी की धमाकेदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा महोत्सव में इस वर्ष धमतरी के राष्ट्रीय स्तर के तबलावादक पं. मनुराज पचौरी और उनकी शिष्या, राष्ट्रीय कथक कलाकार उपासना भास्कर ने अपनी अनोखी गुरु-शिष्य संगति से ऐसा जादू बिखेरा कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

करीब आधे घंटे की इस प्रस्तुति ने दशहरा महोत्सव को एक यादगार सांस्कृतिक पर्व में बदल दिया। उपासना ने भावपूर्ण शिव स्तुति से नृत्य आरंभ किया, फिर लयबद्ध तिहाइयों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का उत्कर्ष था दुर्गा स्तुति, जिसमें उनके साथ नगर की दो नवोदित प्रतिभाएं पंखुड़ी कुलकर्णी और प्रियांशी साहू भी मंच पर थीं। ये दोनों श्रीकृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी की छात्राएं हैं और राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बना चुकी हैं।



संगीत संगति में महाविद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र साहू ने स्वर साधना से साथ दिया, जबकि तबले पर पं. मनुराज पचौरी की अद्वितीय ताल साधना ने प्रस्तुति को चार चांद लगा दिए। गुरु-शिष्य की यह जुगलबंदी दर्शकों के दिलों में उतर गई।

कार्यक्रम के बाद मनुराज और उपासना ने कहा कि बस्तर महोत्सव केवल बस्तरिया संस्कृति का दर्पण ही नहीं, बल्कि आदिवासी लोकजीवन की अनमोल झलक भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने की भावना से ही पंखुड़ी और प्रियांशी को इस प्रस्तुति में शामिल किया गया।

इनकी इस उपलब्धि पर महापौर रामू रोहरा, पीवी पराड़कर, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, इंदर चोपड़ा, भरत सोनी, चेतन हिंदूजा, पूर्व महापौर विजय देवांगन, वरिष्ठ पत्रकार रंजीत छाबड़ा, विजय साहू, मुकेश जैन और भोजराज साहू ने हर्ष जताया है। भारत का सबसे लंबा चलने वाला उत्सव माना जाने वाला बस्तर दशहरा इस बार धमतरी के कलाकारों की प्रस्तुति से और भी अविस्मरणीय बन गया।

तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025

कांग्रेस ने बिजली दर, सड़क और तेंदूपत्ता... 06



55 गांवों के सर्व समाज की बैठक में धर्मांतरण... 06





## खबर संक्षेप

### दुधावा में दो शराब कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** चौकी दुधावा अंतर्गत मुसुरपुट्टा निवासी 46 वर्षीय भागवत राठौर के कब्जे से पुलिस ने 14 अक्टूबर को शाम 5 बजें 3 लीटर देशी महुआ शराब कीमती 300 रूपएं और नगद 300 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वही दूसरी कार्यवाही में छापरपारा निवासी सुकमन वट्टी के कब्जे से 14 अक्टूबर को शाम 6 बजें साढ़े 3 लीटर महुआ शराब व नगद 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्गूकोंदल की मिताली का क्रिकेट टीम में हुआ चयन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम सटेली की



मिताली नरेटी ने खेल जगत में नई उपलब्धि हासिल करते हुए छत्तीसगढ़ अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम में जगह बनाई है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हाल ही में घोषित टीम में मिताली का चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और मेहनत के आधार पर किया गया है। मिताली के चयन से न केवल उनके परिवार में, बल्कि पूरे दुर्गुकोंदल क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। मिताली नरेटी ने साबित किया मेहनत, समर्पण और लगन से हर सपना पूरा किया जा सकता है।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 19 से

**दुधावा।** ग्राम सारवंडी में त्रि दिवसीय राज्य स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रथम इनाम 17,111, द्वितीय 12,111, तृतीय इनाम 7111 एवं चतुर्थ इनाम 6111 हजार रूपए रखा गया है। यह कार्यक्रम कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं समस्त ग्रामवासी सारवंडी के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।

### घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पव्ही 20 निवासी 28 वर्षीय प्रशंनजीत मंडल सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए पखांजुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान 13 अक्टूबर को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

---

**प्रदर्शन : युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु प्रदर्शन में हुए शामिल**

# बिजली बिल जब तक नहीं होगा कम, तब तक सरकार को चैन से नहीं सोने देंगे हम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**खास बातें**

- युवक कांग्रेसी दूसरे एवं तीसरे बेरिकैड को लांघने में कामयाब नहीं हो पाए
- पुलिस की चतुराई से झूमाझटकी करने का प्रयास का मंसूबों को हुआ फेल





युवक कांग्रेस ने बिजली बिल के बढ़े हुए दामों को कम कराने के उद्देश्य से बिजली चोर, गद्दी छोड़ अभियान के तहत कलेक्टोरेट घेराव करने का शुभारंभ कांकेर जिला से 15 अक्टूबर को किया गया, जिसमें राष्ट्रीय युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिनाब कांकेर के प्रदर्शन में शामिल हुए और उन्होने कहा कि बिजली बिल जब तक कम नहीं होगा, तब तक सरकार को चैने से हमारे युवा कांग्रेसी सोने नहीं देंगे। कांकेर में हमारे इस आंदोलन का आगाज किया गया है और पूरे प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टोरेट का घेराव आने वाले समय में किया जाएगा। पुराने कम्युनिटी हाल में युवक कांग्रेस एकत्र हुए और सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिनाब ने कहा कि मैं जम्मू कश्मीर से दिल्ली से उठकर यहाँ आया हूँ, मुझे मेरे छत्तीसगढ़ के युवक कांग्रेस के साथियों ने एक ही बात को बार बार बताया। मुझे यह पता चला कि कांग्रेस के समय जो बिजली सस्ती मिलती थी, वो मंहगी हो गई है। आमजनता को 400 यूनिट तक बिजली का आधी राशि पटानी पड़ती थी, परंतु जब से भाजपा सरकार आई है, सबसे पहला काम यह किया कि जनता को 400 यूनिट आधे रेट में मिलती थी, इस योजना को खत्म कर दिया। बिजली लजगातारा मंहगी कर दिया। भाजपा सरकार हर महिला के खाते हर महीने 1000 रूपये डालती है और दूसरी तरफ बिजली महंगी करके उसी परिवार में तीन से चार हजार रूपएं वसूलती है। बिजली का निजीकरण करके अडानी को दिया जा रहा है। भाजपा को जो वोट नहीं देते है, उनके नाम को काट दिया गया है यानी वो वोट ही नहीं डाल पाते है। वोट चोरी का काम भाजपा सरकार कर रही है, जिसका खुलासा बिहार में हुआ है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि वोट चोरी करके यह सरकार बनाई है, इसलिए यह वोट चोरी करने वाली सरकार के खिलाफ हम लड़ाई लड़ते हैं। आपको पता है अगर बिरेश जीतते, आपका काम करते, लेकिन कांकेर का सांसद तो भगवान ही मालिक है, उनके कारनामें तो उजागर ही होते रहते है। भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस वोट चोर , गद्दीा छोड़ अभियान चला रहे है। इसी तरह से बिजली बिल जिस ढंग से बढ़ाया गया है, उसे लेकर युवक कांग्रेस साथी बिजली चोर, गद्दी छोड़ अभियान शुरू किया गया है। रायपुर के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि युवक कांग्रेस ने जो मुद्दाा उठाया है, वो बहुत बड़ा मुद्दा है, इससे पूरे प्रदेश की जनता प्रभावित हुई है। इस सभा को विधायक सावित्री मंडावी, प्रदेशाध्यक्ष आकाश राव ने भी अपने विचार रखे।

**एक किमी तक किया मार्च**

युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिनाब, विधायक सावित्री मनोज मंडावी, छग प्रभारी अमित सिंह पठानिया, प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, पंकज बाधवानी, महेंद्र नायक, चमन साहू, सुमित राय एवं प्रदेश से पहुँचे युवक कांग्रेस के नेताओं ने एक किमी. का पैदल मार्च किया। पहले बेरीकेट को तोड़ते हुए दूसरे बेरीकेट पर पहुँचे, परंतु उसको तोड़ नही पाएं। जवानों ने दूसरे बेरीकेट्सक पर रोक रखा। कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी तीसरे बेरीकेट्स पर पहुचें, परंतु वहीं पर बैठकर मीडिया से संवाद किया और एसडीएम अरूण वर्मा को ज्ञापन देते हुए कहा कि हमारी बात सरकार तक पहुँचा दीजिए।

**कार्यक्रम में यह भी रहे शामिल**

युवक कांग्रेस के आयोजित कार्यक्रम में पंकज बाधवानी, महेंद्र नायक, खोमेंद्र उइके, चमन साहू, सुमित राय, मकबूल खान, कांकेर नगर पालिका के कांग्रेसी पार्षद, सुरेश नाग, आकाश राव, शिवांकित श्रीवास्तव और स्थानीय कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---



## मन्हाकाल में धान खरीदी केंद्र नहीं होने से 14 गांवों के लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम मन्हाकाल में धान खरीदी केंद्र नहीं होने से क्षेत्र के 14 गांवों के लोगों को 60 किमी दूर चक्कर लगाकर धान खरीदी केंद्र चारगांव पहुंचकर धान बेचना पड़ रहा है। इस कारण ग्रामीण अपने उपज को बेचने के लिए पिछले 20 साल से आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान रहते हैं। ग्रामीणों को धान बेचने के लिए सुविधा हो इसलिए वर्ष 2021 से सांसद, विधायक, कलेक्टर एवं एसडीएम के दफ्तरों का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन आश्वासन अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ। इसी बेबसी के कारण पिछले 20साल से यहां के ग्रामीण धान पैदावार कर बेचने के 60किमी का सफर तय कर रहे हैं।

सरपंच केदूराम पोटाई, ग्राम पटेल बिकेश ध्रुव, असऊराम ध्रुव, कारजी हुपेंडी, सनीराम नरेटी, सुकचंद पटेल ने बताया कि हमारा धान खरीदी केंद्र ग्राम चारगांव में है, पिछले 20सालों यहां धान बेचते हैं, लेकिन 3 बड़े नदी हैं। इन नदियों में पानी रहने के कारण धान बेचने के लिए दुर्गूकोंदल, दियागांव, मंडागांव, नवागढ़, भैंसासुर होते हुए चारगांव खरीदी केंद्र जाना पड़ता है। लगभग 55-60किमी सफर तय करने के बाद ही धान बेच पाते हैं। बृजलाल हुर्रा ग्राम मन्हाकाल, बलीराम उसेंडी ग्राम मांझीकुरूसबोड़ी, उमराव गावड़े ग्राम पटेल कतरूकुरूसबोड़ी, सोनसाय गावड़े ग्राम पटेल हेतले ने बताया चारगांव हमारे गांव से 20-25 किमी दूरी पर है, लेकिन 3 बड़े नदियों के कारण इस रास्ते से धान बेचने ले जाना संभव नहीं है। मजबूरवश धान बेचने के लिए 3-4 हजार रूपए खर्च कर 55-60किमी सफर तय कर दूसरे मार्ग से घूमकर चारगांव खरीदी केंद्र में धान बेचते हैं। मन्हाकाल खासपारा 73, मन्हाकाल संतरईपारा 19, मांझीकुरूसबोड़ी पटेलपारा 54, मांझीकुरूसबोड़ी स्कूलपारा, 24, मांझीकुरूसबोड़ी सड़कपारा 56, मांझी नदीकच्छार 20, छोटेबोदेली 79, पोरोहकाल 53, कतरूकुरूसबोड़ी 68, हेतले 62, एनहूर ▶▶| शेष पेज 02 पर

## कन्या महाविद्यालय के शिविर में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**कांकेर।** कन्या महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई के माध्यम से स्थानीय शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक अस्पताल के द्वारा एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयुर्वेदिक और यूनानी पद्धति के चिकित्सकों ने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए यूथ रेडक्रॉस के प्रो सुनील कुमार साहू ने जानकारी दी कि रेडक्रॉस के माध्यम से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य से संबंधित विविध कार्यक्रम महाविद्यालय में कराए जाते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालयीन छात्राओं को दवाइयों का भी वितरण किया गया। चिकित्सा विभाग के डॉ अमृता नेतराम ने बताया कि वात, पित्त और कफ के संतुलन बिगड़ने से ही हम बीमार होते हैं। उन्होंने बताया कि आजकल छात्र-छात्राओं में देखा जाता है कि वे देर रात तक पढ़ाई करते हैं या मोबाइल का उपयोग देर रात तक करते हैं। परिणामस्वरूप उनके पाचन में विकृति देखी जाती है और साथ ही अन्य समस्याएं हो जाती हैं। आजकल पीसीओडी यानी अनियमित मासिक स्त्राव की समस्या युवतियों में आम हो गई है। इसके पीछे छात्राओं का देर तक जागना, जंक फूड या फास्ट फूड का उपयोग बढ़ना इसके मुख्य कारण हैं। मोबाइल का देर तक उपयोग करने के कारण आंखों की रोशनी पर भी असर पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि आजकल कुछ लोग मोबाइल को तकिए के नीचे रखकर सो भी जाते हैं। इसका बहुत बुरा असर पड़ता है, अतः इस संबंध में सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। इसके पश्चात डॉ ज्योति के द्वारा चिकित्सा की यूनानी पद्धति के बारे में जानकारी छात्राओं को दी गई। इसके पश्चात दोनों चिकित्सकों के द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उसके अनुसार औषधि वितरण भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जेके बर्ले तथा प्रो मनोज कुमार गोटी, प्रो योगराज साहू, प्रो रीना जामुनकर, प्रो रश्मि नाग, प्रो दीप्ति सोनी, प्रो आरती मरकाम, डॉ तरन्नुम, डॉ मुमताज आदि भी उपस्थित रहे।

## किसानों को समन्वित एवं आधुनिक खेती की जानकारी मिली, मिट्टी परीक्षण करना सीखा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगारभाट में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों के महिला एवं पुरुष कृषकों ने भाग लिया और आधुनिक खेती से जुड़ी कई तकनीकी जानकारियाँ प्राप्त कीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश कुमार कुंजाम नरहरपुर द्वारा किया गया। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए बताया कि खेती में देखकर सीखना अत्यंत प्रभावी तरीका है। उन्होंने किसानों को समन्वित खेती प्रणाली अपनाने, तकनीकी विधियों का उपयोग करने तथा खेती को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात डॉ. कोमल सिंह केराम, विषय वस्तु विशेषज्ञ मृदा विज्ञान, कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर ने किसानों को मिट्टी परीक्षण की विधि, मिट्टी नमूना लेने की प्रक्रिया, मिट्टी परीक्षण उपरांत अनुशंसित मात्रा में उर्वरक प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य सुधारने के लिए दलहन-तिलहन, उद्यानिकी फसल, पशुपालन, मछली पालन और प्राकृतिक खेती को साथ में अपनाना अत्यंत लाभदायक सिद्ध होता है। इसके आगे डॉ. चंदू लाल ठाकुर, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर ने किसानों को केंद्र में संचालित गतिविधियों का भ्रमण कराया। कृषकों ने आधुनिक गौशाला, कड़कनाथ पालन इकाई, मत्स्य सह बत्तख पालन, उद्यानिकी फसलें आम, जामुन, हल्दी, सीताफल, कंदवर्गीय फसलें, नर्सरी, पोषण वाटिका, लघु धान्य फसल प्रसंस्करण इकाई, बीज उत्पादन और बीज प्रक्रिया इकाई का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि ये सभी गतिविधियाँ किसानों की आय को बढ़ाने में सहायक हैं और एकीकृत कृषि मॉडल के माध्यम से वर्षभर स्थायी आय सुनिश्चित की जा सकती है।

भ्रमण कार्यक्रम में रोशन कुमार निषाद ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, नरहरपुर, विनोद चतुर्वेदी असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर एवं अभिमन्यु बघेल कृषक मित्र की उपस्थिति रही। इसके साथ ही ग्राम उरैंया, बरेठीनबहारा, भनसुली, बतबनी एवं लेंडारा के महिला एवं पुरुष कृषक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों में तकनीकी दक्षता, आधुनिक कृषि पद्धति एवं वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना था।

---

**राष्ट्रोत्थान और एकता से सेवा करने का दिया संदेश**

# आरएसएस ने जनकनगर बस्ती में किया पथ संचलन, पुष्प वर्षा से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर कांकेर शहर के जनक नगर बस्ती का पथ संचलन का आयोजन किया गया संचलन का समापन देवभूमि राजापारा

- शाखा व्यायाम या अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला



श्रीराम जानकी मैदान में किया गया और बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कोरर जामपारा काशी प्रसाद तिवारी और कार्यक्रम के अध्यक्षता देवेंद्र जैन वरिष्ठ अधिवक्ता व अध्यक्ष जैन समाज रहे। बस्ती और नगर से बडी संख्या में अनुसांगिक संगठन से लोगों ने भाग लिया। पथ संचलन का जगह - जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

जनक नगर बस्ती में 14 अक्टूबर को सायं 5 बजे मेलाभाठा मैदान से संचलन आरम्भ हुआ। ध्वज प्रणाम कर गैस एजेंसी, नया बस स्टैंड, डिपो, संघ कार्यालय, सिटी सेंटर, संतोषी मंदिर, कोमल देव अस्पताल, जैन मन्दिर, बालाजी मंदिर होते श्रीराम जानकी मैदान में पहुँची। पथ संचलन के उपरांत मुख्य वक्ता ने बौद्धिक कार्यक्रम में कहा कि संघ का यह शताब्दी वर्ष संगठन, सेवा और संस्कार का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शाखा केवल व्यायाम या अनुशासन का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है, जहाँ व्यक्ति समाज और राष्ट्र के प्रति अपने ▶▶| शेष पेज 02 पर

**स्वयंसेवकों का किया गया स्वागत**

पथ संचलन का स्वागत पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी ने नया बस स्टैंड, विजय बुक स्टाल, संघ कार्यालय मातृ शक्ति अघननगर, पटेल पान के पास नीलू तिवारी सहित मेडिकल के पास पार्षद मीरा सलाम, शकुंतला जैन, अमिता यादव, चित्ररेखा जैन, भारत माता के पास पप्पू गोश्वामी, शयामा नगर, मातृ शक्ति, विवेकानंद चोंक सरला सोनी, लक्ष्मी बेसरा, पुलिस लाइन मोनिका नेताम, जैन मंदिर अजय जैन, नीम चौक लक्ष्मी देहरी लक्ष्मी ठाकुर, संगीता यादव, सुरेखा यादव, लक्ष्मी नारायण मंदिर कनक देव, शारदा ठाकुर, नीलिमा चौहान सहित अन्य ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

**पथ संचलन में यह रहे शामिल**

पथ संचलन में बस्ती पालक राजेश्वर यादव, बस्ती प्रमुख सागर देव, जिला संघ चालक बालकृष्ण तोमर, सरकार सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, भारत मटियारा मत्स्य कल्याण बोर्ड अध्यक्ष, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, टिकेंद्र प्रताप दुग्गा, धर्मेंद्र देव, राजेश यादव, मनीष गुप्ता, वीरेंद्र श्रीवास्तव, रामचरण कोराम, संजय कुंभकार, टेश्वर जैन, राजा ठाकुर, रंजीत रजक, गोलू तिवारी, नीलकमल मटियारा शामिल हुए।

## निर्माण कार्य को रोकने का प्रयास शिकायत की फिर भी कर्रवाई नहीं



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम सटेली में वन भूमि पर निर्माण कार्य का मामला तूल पकडता जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा एक माह से वनभूमि पर निर्माण कार्य को रोकने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते आजतक कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। ग्रामीणों का अरोप है कि सावित्री भूआर्य ने अवैध तरीके से वन भूमि पट्टा बनावकर निर्माण कार्य किया जा रहा है जो कि नियम विरुद्ध है, जिसकी सूचना ग्रामवासियों ने एसडीएम को दिया, लेकिन राजस्व अमला द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया। वनभूमि पर निर्माण करने वाली सावित्री भूआर्य एक शासकीय कर्मचारी है और शासकीय कर्मचारी को नियम के तहत वन भूमि पट्टा नहीं दिया जा सकता, जिसका विरोध ग्रामीण करते आ रहें हैं। ग्रामीण ग्राम हित में वमभूमि पर निर्माण कार्य को रोकने के लिए कोशिश कर रहें, लेकिन विभागीय अधिकारी जाँच करने से बच रहे है। ग्रामीणों ने ग्राम सभा में पंचायत प्रस्ताव पारित कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की गई, लेकिन नियम के तहत मामले में कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके चलते वनभूमि का दुरुपयोग हो रहा है। ग्रामीण पीलम नरेटी, बलराम टेपरिया,अग्नू,नरेंद्र बारला, मोहित,आनंदराना,कृष्णा पटेल, रमेश,ईश्वरी राना, निर्मला चौरका, उतरा पटेल ने वन भूमि पट्टा को निरस्त करने और वन भूमि पर निर्माण कार्य को रोकने की मांग की है।

# कांग्रेस ने बिजली दर, सड़क और तेंदूपत्ता संग्रहकों की समस्याओं पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

लगातार बढ़ती बिजली दरों, क्षेत्र की जर्जर सड़कों, और तेंदूपत्ता संग्रहकों की उपेक्षा को लेकर दुर्गूकोंदल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि विष्णु देव सरकार बनने के बाद से प्रदेश में बिजली बिलों में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय जनता बेहद परेशान है। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेसजनों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर बिजली दरों में बढ़ोतरी को तुरंत वापस लेने की मांग की। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आनंद तेता ने कहा कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया गया है। बिजली बिल में बेतहाशा बढ़ोतरी कर गरीबों को त्रस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज उठाती रहेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दुर्गुकोंदल ब्लॉक में सड़कों की स्थिति अत्यंत दुर्दशापूर्ण है। गड्ढों से भरी सड़कों पर यात्रा करना मुश्किल हो गया है, जबकि सरकार सुशासन महोत्सव मनाने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि सरकार आम जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर है।

## बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए



### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

जनपद अध्यक्ष गोपी बढाई ने कहा कि हम क्षेत्र के गरीब और आदिवासी नागरिकों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। बिजली बिल में वृद्धि और सड़कों की बदहाली ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सुधार नहीं किया तो ब्लॉक मुख्यालय में उग्र आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में हुमन मरकाम, रघुनंदन गोस्वामी, धनेश नरेटी, दीनदयाल पटेल, सुखचंद प्रजापति, हीरालाल को, भाव सिंह मांडवी, शुभम पांडे, भागीरथी निषाद, नरसूराम हिडको, मेहरू राम हिंडको, रजमन कोवाची, रसालू गावड़े, राजू सांघोडिया, पूरन बघेल, प्रमोद हिडको, कैलाश नायक, मेघनाथ सिन्हा दिलीप कोवाची एवं विभिन्न जोन, सेक्टर एवं बूथ प्रभारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### समन्वयक व एमआईएस सहायक की प्रतीक्षा सूची

**कांकेर।** जिला स्तर पर जिला स्तरीय समन्वयक तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर एमआईएस सहायक सहायक वन अधिकार अधिनियम पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची जारी कर दावा आपत्ति आमंत्रित किए गए थे। दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात जिला स्तरीय समन्वयक एवं एमआईएस सहायक की मेरिट सूची के आधार पर एक अनुपात दस के अनुपात में पद के आरक्षणवार साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाकर साक्षात्कार, कम्प्यूटर कौशल परीक्षा, स्नातक में प्राप्त प्रतिशत का 50 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के अंक के आधार पर चयन एवं प्रतीक्षा सूची तैयार की गई है, जिसका अवलोकन जिले के वेबसाईट एवं कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कांकेर के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

### शिकायत समिति नहीं होने पर लगेगा 50 हजार का जुर्माने

**कांकेर।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्यस्थल पर महिलाओं की लैंगिक उत्पीड़न रोकने के लिए निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 अंतर्गत निजी क्षेत्र के सभी संस्थानों जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। उन संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के सभी संबंधित निजी संस्थाएं जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां पर आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर शी-बॉक्स पोर्टल पर एंट्री करने के लिए अपील की गई है। उन्होंने आगामी 07 दिवस में गठन अथवा एंट्री का कार्य नहीं करने वाली संस्थाओं पर नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है। जिले में जिन निजी संस्थाओं द्वारा आंतरिक शिकायत समिति गठित नहीं की गई है अथवा शी-बॉक्स पोर्टल पर एंट्री नहीं की गई है।

## समाज : ग्रामीणों ने कहा अब और नहीं सहेंगे धार्मिक छलावा

# 55 गांवों के सर्व समाज की बैठक में धर्मांतरण का विरोध, संस्कृति पर हमला नहीं है बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



नरहरपुर विकासखंड के ग्राम जामगांव में बुधवार को 55 गांवों के प्रतिनिधियों की एक विशाल सर्व समाज बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न समाजों के लोगों ने एक स्वर में धर्मांतरण के बढ़ते प्रकरणों का विरोध करते हुए अपनी संस्कृति, परंपरा और आस्था की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि अब गांव-गांव में धार्मिक प्रलोभन और छल-कपट के माध्यम से हो रहे धर्मांतरण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सर्व समाज अध्यक्ष कमल किशोर कश्यप, उपाध्यक्ष कंवल सिंह नाग, कोषाध्यक्ष संजय शोरी, सचिव कमलेश कुमार सूर्यवंशी सहित प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मांतरण केवल धर्म का नहीं बल्कि संस्कृति, अस्तित्व और एकता का प्रश्न बन चुका है। उन्होंने कहा कि यह समय जागरूक होने और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा का है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक गांव में धर्मांतरण रोकथाम समिति का गठन किया जाएगा, जो गांवों में जागरूकता अभियान चलाएगी और प्रशासन को समय-समय पर जानकारी देगी। ग्रामीणों ने यह भी प्रस्ताव पारित किया कि जो भी व्यक्ति या संस्था गांव में धार्मिक प्रलोभन फैलाने की कोशिश करेगी, उसके खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में दाउलाल सोनवंशी, राजेश कडयारी, रतेल यादव, हरिचंद कंवर, सदाराम शोरी, लखनलाल यादव, रतिराम ठाकुर, उत्तम जैन और ईश्वर कवडे सहित विभिन्न समाजों के वरिष्ठजन और प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने एकमत से कहा कि हमारी जड़ें संस्कृति और परंपरा से जुड़ी हैं, जिन्हें किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने गांवों में सामाजिक एकता, पारंपरिक त्यौहारों, देवी-देवताओं के प्रति आस्था और ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही। इसके अलावा शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से समाज में भाईचारा और धार्मिक सौहार्द बनाए रखने पर भी बल दिया गया। अंत में सर्व समाज के अध्यक्ष कमल किशोर कश्यप ने कहा हम सभी एक हैं, हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। धर्मांतरण का विरोध केवल विरोध नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व की रक्षा का आंदोलन है। बैठक का संचालन सचिव कमलेश कुमार सूर्यवंशी ने किया और आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष संजय शोरी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में नरहरपुर क्षेत्र के 55 से अधिक गांवों के प्रतिनिधि एवं ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने घोषणा की कि आने वाले समय में धर्मांतरण मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए निरंतर ग्रामस्तरीय बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखा जा सके।

## व्यासकोंगेरा में पौधारोपण में विद्यार्थियों ने लिया भाग



**कांकेर।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट के द्वारा व्यासकोंगेरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयं सेवकों तथा चतुर्थ वर्ष रावे के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल रहा और विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता उत्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में डॉ पीएस मरकाम प्राध्यापक उद्यानिकी, डॉ. अनिल दिव्य एनएसएस एवं डॉ. अभिषेक सोरी उपस्थित रहे।




## महिला क्लस्टर संगठन की आमसभा में आय-व्यय किया प्रस्तुत



**चारामा।** चारामा संगम महिला क्लस्टर संगठन हल्बा में 2024-25 का आम सभा का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोपाल सिंह कंवर एवं बिहान शाखा के बीपीएम विपिन कुमार साव के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में जमुना शोरी के द्वारा क्लस्टर संगठन की जानकारी दी गई एवं क्लस्टर संगठन की लेखापाल द्वारा साल भर की लेखा जोखा का विवरण प्रस्तुत किया गया। जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी गब्बर सिन्हा ने महिला समूह को सशक्त व प्रत्येक ग्राम में बचे हुए महिलाओं को समूह में जोड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया और साथ ही जनपद सीईओ सर द्वारा बस्तर ओलम्पिक एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य रमशिला मंडावी, भाजपा महामंत्री मंहत टाडिया, काशी राम जैन, क्लस्टर के क्षेत्रीय समन्वयक रश्मि गावड़े, अनिल सिन्हा, पीआरपी चंद्रिका साहू, क्लस्टर के सचिव बलेश्वरी पटेल, कोषाध्यक्ष निर्मला देवांगन, लेखापाल वेदबती सिन्हा समस्त ग्राम संगठन के पदाधिकारी एवं समस्त सामुदायिक संवर्ग सक्रीय महिला, कृषि मित्र, पशु सखी, एफएलसीआरपी, आरबीके, बैंक मित्र, बीसी सखी, जीएमटी दीदी उपस्थित रही।

# बिजली दर की वृद्धि के विरोध में शिवसेना ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ में हाल ही में हुई बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के खिलाफ राज्यभर में शिवसेना द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में शिवसेना दुर्गुकोंदल इकाई ने मंगलवार को बाजार चौक में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान शिवसेना पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने आम जनता पर बिजली दर वृद्धि के रूप में एक बड़ा आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने बताया कि पहले 400 यूनिट तक बिजली खपत पर उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत छूट दी जाती थी, जिसे अब घटाकर मात्र 100 यूनिट कर दिया गया है। इस बदलाव से मध्यमवर्गीय परिवारों और गरीब उपभोक्ताओं पर सीधा आर्थिक दबाव बढ़ गया है। शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि इस निर्णय से न केवल गरीबों का रसोई बजट प्रभावित हुआ है, बल्कि गृहस्थ जीवन चलाना भी कठिन होता जा रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार के इस कदम को जनविरोधी और आर्थिक डकैती करार देते हुए कहा कि यह निर्णय जनता के हितों के विपरीत है। शिवसेना ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मांग की है कि 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू किया जाए, ताकि प्रदेश की जनता को राहत मिल सके। विरोध प्रदर्शन के दौरान बाजार चौक पर बड़ी संख्या में शिवसैनिक मौजूद रहे।

## 51 कुण्डीय राष्ट्रशौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**चारामा।** 51 कुण्डीय राष्ट्र जागरण, शौर्य समृद्धि महायज्ञ की संकल्प विचार गोष्ठी गायत्री प्रज्ञा पीठ चारामा में संपन्न हुआ। इस गोष्ठी के लिए बस्तर संभाग के प्रमुख महाप्राण पुरोहित के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ एवं इस विचार गोष्ठी में कांकेर, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, दुर्गुकोदल एवं चारामा के सभी विकासखंड के प्रमुख पदाधिकारी प्रज्ञामंडल, महिला मंडल, युवा प्रकोष्ठ, वरिष्ठ एवं कर्मठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। महाप्राण पुरोहित ने कहा यह परिवर्तन का समय है, राष्ट्र जागरण का समय है। मनुष्य में देवत्व एवं धरती पर स्वर्ग "का समय है नए सिरे से इतिहास लिखने का समय है। इस महा अभियान की विराट यात्रा सतयुग के आगमन को समय पर जो भी मनुष्य संविधान एवं अंशदान देकर तन मन एवं धन से जुट जाएगा वह धन्य हो जाएंगे, वह गिद्ध ग्वाल बाल वानर जामवंत आंगन की तरह अमर हो जाएंगे। इस महायज्ञ की भूमि पूजन 2 नवंबर रविवार को संपन्न होगा, जिसमें विधायक, सांसद, नगर अध्यक्ष, पार्षद, व्यवसायिक वर्ग, समाज प्रमुख, नागरिक एवं चारामा नगर वासी उपस्थित रहेंगे। 51 कुंडली राष्ट्र जागरण शौर्य समृद्धि महायज्ञ के संयोजक भूपेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष जगदीश शोरी, महासचिव एसपी कोर्राम, यज्ञ समिति के अध्यक्ष डीपी साहू, कोषाध्यक्ष एचएलसाहू, पन्नालाल बघेल, विनोद ठाकुर, विकासखंड अध्यक्ष सीताराम सलाम, एआर सिन्हा, प्रज्ञा पीठ अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, कौशल्या देवदास, कुंती ठाकुर, पी भोजवानी एवं जिले के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







